Fourteenth Loksabha

Session : 3
Date : 20-12-2004
Participants : Nishad Shri Mahendra Prasad

>

Title: Need to provide funds for building a proper drainage system in Fatehpur city, U.P.

श्री महेन्द्र प्रसाद निााद (फतेहपुर) : अध्यक्ष महोदय, मैं अपने संसदीय क्षेत्र के जनपद फतेहपुर, उत्तर प्रदेश की ओर माननीय शहरी विकास मंत्री का ध्यान आकृट करते हुए यह कहना चाहता हूं कि ग्रामीण क्षेत्र के शहरी जनपदों की स्थिति उतनी अच्छी नहीं है जितनी कि महानगर व नगरों के दायरे में आने वाले क्षेत्र/शहर आज बने हैं। जनपद फतेहपुर 7 कि0मी0 लम्बा व 7 कि0मी0 चौड़ा क्षेत्रफल में बसा हुआ शहर है, जिसकी आबादी लगभग 3 लाख है। शहर में गंदे पानी व मल की निकासी हेतु कोई ठोस साधन नहीं होने के कारण लगभग सारे शहर में गंदे पानी के फैलाव के कारण आम जन-जीवन अस्त-व्यस्त रहता है। सन 1989 में तत्कालीन माननीय प्रधान मंत्री जी ने इस जनपद में गंदे पानी व मल की निकासी हेतु बड़े पैमाने पर सीवर लाइन बनाने की घोाणा की थी, जो आज तक कार्यान्वित नहीं हो सकी है।

अतः मैं माननीय शहरी विकास मंत्री, भारत सरकार से मांग करता हूं कि जनपद फतेहपुर शहर, उत्तर प्रदेश के शांतीनगर से बड़ा पुल तक सीवर लाइन बनाने हेतु आवश्यक धनराशि आबंटन करने का कट प्रदान करें ताकि कार्य प्रारंभ हो सके।